वर्ष-01, अंक- 312
छपरा
13 सितम्बर शुक्रवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मुख्यमंत्री ने मढ़ौरा में पॉलिटेक्निक छात्रावास एवं आईटीआई परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समेत कई योजनाओं का किया शिलान्यास

मनोकामना सिंह

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को मढ़ौरा में पॉलिटेक्निककॉलेज परिसर में दो-दो छात्रावास एवं आईटीआई परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समेत कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लगभग तय समय पर पूर्वाह्न 11बजे मुख्यमंत्री श्री कुमार सड़क मार्ग से राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर पहुंचें। जहां एनडीए के कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट से योजनाओ के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। नव निर्मित 300-300 यूनिट का दो छात्रावास का अवलोकन किया और उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओ का अभिवादन करते हुए छात्रावास से निकले, जहां पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने फिर फूल और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री आईटीआई परिसर में निर्मित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली। प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए हुए था। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मढ़ौरा में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री पुनः सड़क मांर्ग से ही अमनौर में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर काफिले के साथ निकल गए। मुख्य मंत्री के कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, सुमित सिंह, एमएलसी बिरेंद्र नारायण यादव, पूर्व एमएलसी सलीम परवेज,पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व विधायक रंधीर सिंह, पूर्व मंत्री मुनीश्वर चौधरी, पूर्व मंत्री चंद्रिका राय, पूर्व एमएलसी डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मीणा अरुण, नगर के मुख्य पर्षद रूबी सिंह, जदयू के जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, जदयू नेता कामेश्वर सिंह, जदयू के संजय सिंह, पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष विशाल सिंह राठौड़, जेपी सेनानी शंभू प्रसाद सिंह, भाजपा के श्यामनंदन सिंह विद्रोही, अनिल शर्मा, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


(मढ़ौरा में योजना शिलापट्ट का रिमोट से अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार)

## वरिष्ठ सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने अस्पताल को सीपीएम नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे थे। वहीं, सीपीएम की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था।


## आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पास मिला संदिग्ध बैग

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पास एक संदिग्ध बैग मिला है। जानकारी के अनुसार प्रदर्शन स्थल के पास से बैग मिला है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। बता दें कि जूनियर डॉक्टरों ने आरजी कर अस्पताल के ठीक सामने विरोध स्थल बनाया था। वे 9 अगस्त को 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के खिलाफ एक महीने से अधिक समय से आंदोलन कर रहे थे।

## कर्नाटक के मांड्या में गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव

**मांड्या (एजेंसी)।** कर्नाटक के मांड्या के नागमंगला में बुधवार रात गणपति विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ। घटना रात 8 बजे की है। मैसूर रोड पर बनी दरगाह के सामने पहुंचने पर कुछ लोगों ने पत्थर फेंके। इसके बाद हिंदुओं ने भी प्रदर्शन किया। इलाके की कुछ दुकानों और वहां खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी गई। भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नड़ न्यूज चैनलों के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस पर पत्थरों के अलावा तलवार, रॉड और जूस की बॉटल से भी हमला किया गया।

## कश्मीर में चुनाव से 6 दिन पहले मिले आतंकी ठिकाने



**श्रीनगर (एजेंसी)।** सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा और कुलगाम जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 2 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम में सिर्फ ठिकाने का पता चला। कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था।

# संजौली मस्जिद का अवैध निर्माण अब खुद तोड़ेगा मुस्लिम समुदाय

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली मस्जिद विवाद जल्द सुलझ सकता है। मस्जिद कमेटी ने गुरुवार को मस्जिद का अवैध निर्माण तोड़ने की पेशकश की। इसके लिए उन्होंने शिमला नगर निगम कमिश्नर भूपेंद्र अत्री से मुलाकात की। कमिश्नर ने बताया कि मस्जिद कमेटी ने खुद कहा कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक मस्जिद की 3 अवैध मंजिल को सील किया जाए। कमेटी इसके लिए तैयार है। संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर पिछले 13 दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों हुए लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मंडल ने गुरुवार को शहर की सभी दुकानें बंद रखी हैं। इस दौरान शिमला के व्यापारियों ने शेर-ए-पंजाब से डीएम ऑफिस तक रोष रैली निकाली और डीएम को बर्खास्त करने की मांग की।

संजौली में मस्जिद 1947 से पहले बनी थी। 2010 में इसकी पक्की इमारत बननी शुरू हुई तो नगर निगम में शिकायत की गई थी। अब मस्जिद 5 मंजिला है। नगर निगम 35 बार अवैध निर्माण तोड़ने का नोटिस दे चुका है।

लोग मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ते थे, जिससे नमाज पढ़ने में दिक्कत आती थी। इसे देखते हुए लोगों ने चंदा इकट्ठा किया और मस्जिद निर्माण शुरू किया। जमीन वक्फ बोर्ड की थी। मस्जिद की 2 मंजिल को लेकर




मामला कोर्ट में चल रहा है। वक्फ बोर्ड इसकी लड़ाई लड़ रहा है। ताजा विवाद 31 अगस्त से शुरू हुआ, जब 2 गुटों के बीच मारपीट हुई और 6 मुस्लिम लड़कों ने यशपाल नाम के स्थानीय कारोबारी की पिटाई कर दी। इसके बाद हिंदू संगठनों ने मस्जिद का अवैध निर्माण गिराने की मांग की। इसके बाद हिंदू संगठन भड़क उठे और मस्जिद तोड़ने की मांग को लेकर बुधवार को तीसरी बार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कोर्ट का फैसला आने तक मस्जिद को सील किया जाए। ऐसा नहीं किया गया तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। मस्जिद विवाद में शिमला से सुलगी विरोध की चिंगारी अब पांवटा साहिब और मंडी तक पहुंच चुकी है। इससे माहौल तनावपूर्ण बनता जा रहा है।

# किसी के मेडल पर साइन तो किसी के सिर पर दी थपथपी

### पैरालंपिक पदक विनर्स से यूं मिले पीएम मोदी, दी शाबाशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत ने रिकॉर्ड कुल 29 मेडल जीते। इसमें से 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल थे। भारत ने कभी इससे पहले इतने मेडल नहीं जीते। वहीं इतिहास रचने के बाद अब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय पैरा एथलीट से मिले हैं। पीएम मोदी ने एथलीट्स से बात की। उन्हें शाबाशी दी। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत की शूटर अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं जब प्रधानमंत्री मोदी उनसे मिले तो उन्होंने अवनि के सिर पर हाथ रखा और थपथपाया भी। पैरालंपिक 2024 में भारत के कपिल पारमर ने जूडो के 60 किग्रा इवेंट में देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता था। कपिल ने




पैरालंपिक में भारत के लिए जूडो में पहला मेडल जीता है। वह भी पीएम मोदी से मिले। देश के प्रधानमंत्री ने उनके मेडल पर साइन भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय पैरा एथलीट से मिले और उनसे बात भी की। वह उनसे एक-एक करकर बात कर रहे थे। पेरिस पैरालंपिक 2024 के दौरान जब-जब भारतीय एथलीट मेडल जीत रहे थे। तो उनकी इस खास उपलब्धि के बाद पीएम नरेंद्र मोदी उनसे फोन कॉल पर बात कर रहे थे और उन्हें ट्विटर पर ट्वीट कर बधाई भी दे रहे थे।

## सीजन की पहली बर्फबारी, सफेदी से ढक गई चोटियां




**देहरादून (एजेंसी)।** मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही साबित हुआ। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश के साथ ही ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। सितंबर माह में हुई पहली बर्फबारी से मौसम ठंडा और शुष्क हो गया है। यह बर्फबारी भारत-चीन सीमा के साथ बद्रीनाथ धाम हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी की ऊंची चोटियों पर हुई। हिमपात के बाद चोटियां सफेद बर्फ की चादर से ढंक गई हैं। निचले इलाकों में भी सर्द हवाएं चलने लगी हैं। पहाड़ों पर पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विदा होते मॉनसून के साथ अचानक बढी ठंड के कारण लोग अपने घरों में दुबक गए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद हो गया है। जोशीमठ मलारी नीति मोटर मार्ग लाता के पास पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने के कारण बंद हो गया है। नंदप्रयाग में लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। बार-बार सड़क बंद होने के कारण तीर्थ यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। यात्रियों के वाहन घंटों तक लंबे जाम में फंस रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण चार धाम यात्रा भी प्रभावित है। तेज बारिश होने के कारण लोग अब अपने घरों से कम निकल रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद चमोली जिले के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। तेज बारिश के कारण गुरुवार को चमोली जिले के सभी विद्यालयों में अवकाश है।

# अब देश में जीएनएसएस दिलाएगा 'जाम' से छुटकारा

### नितिन गडकरी के एक फैसले से बदल जाएगा टोल सिस्टम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला लिया है। भारत में ग्लोबल नेवीगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) को मंजूरी दे दी गई है। इसे जीपीएस टोल और सैटेलाइट टोल के नाम से भी जाना जाता है। भारत कोई पहला देश नहीं है जहां पर जीएनएसएस आ रहा है। इससे पहले बहुत सारे देशों में ये काम कर रहा है। साथ ही इसके काम करने का तरीका पूरी तरह अलग है। क्योंकि इससे हर देश में जाम से छुटकारा मिला है। साथ ही जहां पर भी इसे लागू किया गया है, वहां नागरिकों को भी काफी राहत मिली है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तरफ से लंबे समय से इस सिस्टम को लाने के बारे में कहा जा रहा है। इसमें कई सुविधाएं दी जाती है। सबसे बड़ी खासियत होती है कि इसमें फास्टैग की तरह आपको टोल प्लाजा पर खड़ा नहीं होना होता है। एक प्रकार से ये ऐसा सिस्टम है जहां आपको सीधा गाड़ी लेकर जानी होती है और खुद ही टोल पेमेंट आपके अकाउंट से कट जाती है। इसमें अलग से कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। कई अन्य देशों में पहले ही ये सिस्टम वर्क कर रहा है। अब बात करें कि ये भारत में कैसे काम करेगा तो अभी तक सामने आई जानकारी से पता चलता है कि पहले ये कमर्शियल गाड़ियों के लिए ही रोल आउट किया जाएगा। यानी पहले इसकी मदद से सिर्फ कमर्शियल गाड़ियां ही चल पाएंगी। लेकिन उसके बाद इसे कारों के लिए भी लाया जाएगा। अभी फिलहाल इसे टेस्टिंग मोड में लाया जाएगा। यही वजह है कि पहले कमर्शियल गाड़ियों पर ही वर्ककिया जाएगा। इसके लिए अलग से हाइवे पर लेन लाने पर भी विचार किया जा रहा है।



# मढ़ौरा में 300-300 यूनिट का दो-दो छात्रावास एवं सेंटर व ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के साथ कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** गुरूवार को राजकीय पॉलिटेक्निक छपरा स्थित मढ़ौरा के परिसर में नव निर्मित दो-दो छात्रावास एवं आईटीआई परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समेत कई योजनाओं का मुख्यमंत्री ने शिलानयास किया किया।उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मढ़ौरा के नवनिर्मित छात्रावासों एवं उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप एवं टेकलैब का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने एडिटीव मैन्यूफैक्चरिंग लैब, रोबोटिक्स, एडवांस प्लबिंग, प्रोडक्ट वेरीफिकेशन एण्ड एनालयसिस लैब आदि का अवलोकन कर अधिकारियों से जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत 5993 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होनेवाले 8 मॉडल थाना भवन, यातायात थाना भवन सहित कुल 22 पुलिस भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इनमें सारण जिला अंतर्गत यातायात थाना भवन, सहाजितपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, दरिहारा भुआल थाना भवन एवं आउट हाउस, अकीलपुर थाना भवन एवं आउट हाउस, मांझी थाना भवन एवं आउट हाउस, मकेर थाना भवन एवं आउट हाउस, पहलेजा थाना भवन एवं आउट हाउस, गौरा थाना भवन एवं आउट हाउस, नगरा थाना भवन एवं आउट हाउस के अतिरिक्त 13 थाना परिसरों में 20-20 महिला सिपाही बैरक का निर्माण कार्य किया जाना है।





नव निर्मित छात्रावास में 300 - 300 यूनिट का दो दो भवन का निमार्ण किया गया है। जो आधुनिक सुविधा से परिपूर्ण है। बहु मंजिला छात्रावास में छात्रों की सुविधा के लिफ्ट का भी निमार्ण कराया गया है। वही आधुनिक सुविधा से लैस कमरा, शौचालय एवं अन्य जरूरी कार्य पूरे किए जा चुके हैं। वही आईटीआई परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में टाटा कंपनी द्वारा आधुनिक यंत्रों से सुजज्कित किया गया है। मॉडर्न आईटीआई के रुप में विकसित मढ़ौरा आईटीआई में अब प्रशिक्षु छात्रों को नई एक्युपमेंट से प्रशिक्षण में काफी सहूलियत के साथ उच्चतर स्किल डेवलपमेंट भी होगा। जिन योजनाओ का शिलान्यास हुआ, उनमें छपरा में यातायात थाना भवन, सहजीतपुर थाना भवन, दरिहरा भुवाल थाना भवन, अकीलपुर थाना भवन, मांझी थाना भवन, मकेर थाना भवन, पहलेजा थाना भवन, गौरा थाना भवन, नगरा थाना भवन के साथ नयागांव, गड़खा, मढ़ौरा, दरियापुर, एकमा, पानापुर, कोपा, नयागांव, रिवीलगंज, जलालपुर, दाउदपुर और जनता बाजार थाना परिसर में 20-20 महिला बैरक निमार्ण शामिल है।

## दिघवारा सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर बदलने हेतु शुक्रवार को विधुत आपूर्ति रहेगी बंद

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** दिघवारा विद्युत सबस्टेशन में लगे 10 एमवीए के खराब पड़े 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर शुक्रवार को सुबह सात बजे से लेकर शाम सात बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान इस सबस्टेशन के दिघवारा,मटिहान एवं आमी फीडर में विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी।एसडीओ ( विद्युत )मोफिरोज अंसारी ने बताया कि दिघवारा विद्युत सब स्टेशन में लगा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर बीते दिनों जल गया था।ऐसे में उक्त ट्रांसफार्मर को बदलने का काम शुक्रवार को पूरा किया जाएगा, लिहाजा निर्धारित अवधि तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।रामदासचक से लेकर बड़ागोपाल तक व मटिहान,खानपुर से लेकर फतेहपुर तक की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।मरम्मती कार्य में अधिक वक्त लगने पर निर्धारित समय से अधिक अवधि तक भी बिजली की आपूर्ति बाधित रह सकती है।

## डॉ.पंकज सिंह के नेतृत्व में भाजपा सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में चलाए जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को डुमरी बुजुर्ग के अत्यंत पिछड़ा इलाके शोभेपुर में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत क्षेत्र के जाने माने हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया।मौके पर डॉ पंकज ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी भावनाओं से ओत प्रोत राष्ट्रीय सर्वोपरि की मूल भावना और विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा गया तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए आह्वान किया गया।जिसके तहत आन द स्पॉट लगभग एक सौ लोगों को मिस्ड कॉल और लिंक के माध्यम से सदस्य बनाया गया तथा ज्यादा संख्या में सदस्य बनाने की तकनीक को सिखाया गया।इस दौरान बिहार प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ बी.झा मृणाल,भाजपा के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र सिंह,उदय सिंह,ध्रुवदेव शर्मा तथा आशीष कुमार सिंह के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मध्य विद्यालय धनौरा मे 257 बच्चों के बीच बैग किट किया गया वितरण

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गरखा प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा मे गुरूवार को सरकार द्वारा उपलब्ध एफएलएन स्टुडेंट कीट वर्तमान प्रधानाध्यापक अरूण कुमार के देखरेख मे वर्ग 6,7 एवं 8 के छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। पुर्व समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने बच्चो को सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई कीट की उपयोगिता के बारे मे चर्चा करते हुए और मन से पढाई करने की बात कही। शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय मे कुल 402 नामांकित बच्चों मे सिर्फ 257 बैग ही उपलब्ध हो पाया है जिससे बच्चों के बीच वितरण करने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।शिक्षक देवेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार की सोच बढिया है नामांकित सभी बच्चो को बैग मिलना चाहिए था। बैग वितरण कार्यक्रम मे शिक्षक सौरभ कुमार, शिवम कुमार, मृत्युंजय कुमार मांझी के साथ लाभान्वित बच्चों मे बाल संसद एवं मीना मंच के पदाधिकारी शामिल रहे।

## कार की चपेट में आने से महिला सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर के पास अनियंत्रित कार की चपेट में आने से महिला को गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल खैरनपुर गांव निवासी बतार मांझी की 48 वर्षीय पत्नी छठिया देवी हैं जो बाजार के लिए घर से मशरक आई थी कि अनियंत्रित कार की चपेट में आ गयी। घायल हालत में थाना पुलिस ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## बनियापुर में दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**बनियापुर।** गुप्त सूचना के आधार पर बनियापुर पुलिस एक युवक को किया गिरफ्तार। मामला पूछरी का है 16 वर्षीय बालिका के साथ एक युवक के द्वारा दुष्कर्म किया गया है। इस संबंध में पीड़िता के आवेदन के आधार पर बनियापुर धारा-64/65 बी0एन0एस0 एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त अभियुक्त मैना महतो, पिता भगवान महतो, साकिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बनियापुर पुलिस टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## पटना के गांधी मैदान थाने में ही चली गोली: पिस्टल के बैरल में फंसी थी गोली

**पटना, एजेंसी।** पटना के गांधी मैदान थाने में बुधवार की देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग के समय पिस्टल का बैरल नीचे था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। इसमें कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल पटना के गांधी मैदान थाना परिसर में दारोगा ने अपने सर्विस रिवॉल्वर को सही तरीके से कॉक नहीं किया। इसके चलते पिस्टल के बैरल से कारतूस अटक गई। दारोगा ने फिर से पिस्टल को कॉक कर गोली निकालना चाहा, इसी दौरान गोली चल गई।

**पिस्टल गलती से कॉक हो गया : थानाध्यक्ष :** गांधी मैदान थाना थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि इसी थाने में पदस्थापित दारोगा को सूचना मिली थी कि गांधी मैदान में कोई संदिग्ध देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दारोगा अपने पिस्टल को साथ लेकर निकलने ही वाला था की पिस्टल गलती से कॉक हो गया। इसके चलते गोली फंस गई और बाद में गोली चल गई।

# मुख्यमंत्री ने अमनौर में सौंदर्गीकृत अमृत सरोवर का किया भ्रमण

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी व अन्य मंत्रियों, विधायकों एवं अधिकारियों के साथ अमनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज अमनौर हरनारायण में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत अमृत सरोवर का भ्रमण किया। इस दौरान अमृत सरोवर प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया एवं अमृत सरोवर के बत्तखों को दाना भी खिलाया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगाएं ताकि लोग आसानी से टहल सकें। इसमें सीढ़ीनुमा घाट का भी निर्माण कराएं जिससे लोग सरोवर में स्नान, पूजा-पाठ वगैरह कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों की मीटिंग कर हमलोगों ने जल-जीवन-हरियाली अभियान शुरू करने का निर्णय लिया था क्योंकि जल और हरियाली रहेगी तभी सुरक्षित रहेगा। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का काफिला स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के आवास पहुंचा, कुछ क्षण के लिए मख्यमंत्री सांसद रूडी के आवास पर रुके और फिर मुख्यमंत्री का काफिला अपहर कार्यक्रम स्थल के लिए निकल गया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एव तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, विधायक कृष्ण कुमार मंटू, विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, बीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, चंद्रिका राय, मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधायक रंधीर सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ



आलम राजू, जिला परिषद् सदस्य मीणा अरुण,, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद, आयुक्त सारण प्रमंडल गोपाल मीणा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा योगेन्द्र सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण रेंज नीलेश कुमार, सारण जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक सारण कुमार आशीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## वर्षों से बंद मढ़ौरा चीनी मिल पर मुख्यमंत्री की चुप्पी से जनता में निराशा- जन सुराज प्रवक्ता

### मोदी- नीतीश दोनों भूल गए जनता से किए वायदे

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण के मढौरा व अमनौर में गुरूवार को भ्रमण पर आए, लेकिन इलाके की जनता को निराश कर पटना लौट गए। जनता को वर्षों से बंद पड़ी मढ़ौरा चीनी मिल को चालू करने की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन उस बाबत मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा। इतना ही नहीं उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत नहीं की और छोटी - छोटी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर चलते बने। उक्त बातें आज यहां प्रेस में जारी एक बयान में जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कही।उन्होंने बताया कि लोगों की अपेक्षा बंद पड़े चीनी मिल को पहले चालू कराने की थी परन्तु लोगों को निराशा हाथ लगी।?सारण के करीब बीस हजार परिवारों की नजरे मढ़ौरा चीनी मिल की चिमनी की तरफ लगी हुई है। मढ़ौरा चीनी मिल बंद होने के बाद इन किसानों की हालत काफी खस्ता हुई हैं। 2015 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी सभा में इस फैक्ट्री की चिमनी से धुआं उगलवाने का वादा किया था। मिल बंद होने के साथ मढ़ौरा, अमनौर, तरैया, मशरक, पानापुर, इसुआपुर, मशरक, मकेर, परसा, दरियापुर व बनियापुर प्रखंडों के गांवों में गन्ना की खेती भी बंद हो गयी? है जिससे इलाके के किसानों की माली हालत खराब हो चुकी है। साथ ही करीब दो हजार मजदूरों की नौकरी व दिहाड़ी चली गई। इस मिल के पास किसानों व मजदूरों का करीब 20 करोड़ रुपये अभी भी बकाया है। श्री महासेठ ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है। बावजूद मुख्यमंत्री के इस किसान - मजदूर विरोधी रवैये से सारण की जनता में नाराजगी व्याप्त है।

## अब 20 किलोमीटर तक तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा

**पटना, एजेंसी।** वाहन मालिकों के लिए अच्छी खबर है अब उन्हें 20 किलोमीटर तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा। मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने की है। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संशोधन नियम, 2024 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए शून्य-शुल्क नीति लागू की गई है। वही 20 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने पर टोल टैक्स देना होगा। कम दूरी का सफर करने वालों का आर्थिक बोझ कम करने के लिए यह नीति लागू की गयी है। सबसे अहम बात यह है कि यह केवल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम ऑन-बोर्ड यूनिट से लैस वाहनों के लिए लागू होगा। ऐसे में राष्ट्रीय परमिट वाले वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।



## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये सफाई कर्मियो ने ठीकेदार और सुपरवाइजर पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में में लगें सफाईकर्मियों की 5 वे दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल से इलाके में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है। वहीं हड़ताली सफाई कर्मियो द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी देने और जाति सूचक शब्द के इस्तेमाल करने को लेकर ठीकेदार और सुपरवाइजर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले मे सिसई गांव निवासी मुन्ना बॉसफोड़ द्वारा दिए गए दर्जनो सफाई कर्मियो के हस्ताक्षर युक्त आवेदन मे कहा गया है कि मजदूरी बढ़ाने सहित अन्य मांग को लेकर सफाई कर्मी 7 सितम्बर से हड़ताल पर है।इस दौरान हड़ताल तोड़ने को लेकर दाउदपुर बंगरा गांव निवासी मुन्ना सिंह, श्यामबाबू सिंह और मशरक के सुपरवाइजर अमन कुमार सिंह, शैलेश कुमार महतो द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किया गया।जबकि सभी 35 सफाई कर्मी मशरक नगर पंचायत के गठन से ही कार्यरत है। सफाई कर्मी मजदूरी मे बढोतरी, पहचान पत्र निर्गत करने और सुरक्षा के उपकरण की मांग को लेकर अड़े हुए है।उनका कहना है कि जब तक मांग पूरी नही होगी तब तक काम पर नही लौटेंगे। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि सफाईकर्मियों के तरफ से दिए आवेदन पर 11 सितम्बर को कांड संख्या 541/24 दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है ?

# मुख्यमंत्री ने अपहर में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** सूबे के मुख्यमंत्री ने अमनौर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत राज अपहर में 22.48 करोड़ रूपये की लागत से कुल 20 योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन, हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज अपहर सारण में विकास मद्द की राशि से निर्मित चहारदीवारी एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन, ग्राम पंचायत अपहर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्घाटन, ग्राम अपहर के वार्ड संख्या-8 में मनरेगा अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण का उद्घाटन सहित अन्य कई विभागों की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत राज अपहर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तालाब के चारों तरफ सघन वृक्षारोपण कराने एवं पेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया।






मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साह अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण प्रत्र, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाभी, कुशल युवा कार्यक्रम एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित स्वीकृति पत्र चयनित लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीवीकोपार्जन योजना अंतर्गत 848 लाभार्थियों को 3 करोड़ 29 लाख 41 हजार रूपये का सांकेतिक चेक एवं 18137 स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण से संबंधित 127 करोड़ 75 लाख रूपये का सांकेतिक चेक जीवीका दीदियों को प्रदान किया।

वहीं मुख्यमंत्री ने हरिजी अपहर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विद्यार्थियों से बातचीत कर जानकारी ली। विद्यालय प्रांगण में स्केटिंग एवं अन्य खेल में भाग ले रहे बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सारण जिला के अमनौर प्रखंड अंतर्गत रामबल्ली नंदरानी इंटरस्तरीय प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय अपहर, सारण में 8 कमरा एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

कार्यक्रम समापन तत्पश्चात मुख्यमंत्री सीधे पटना के लिए निकल गए।सीएम द्वारा योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह , एमएलसी सच्चिदानंद राय समेत अन्य जन प्रतिनिधि डीएम अमन समीर,एसपी डॉक्टर कुमार आशीष के साथ-साथ कई वरीय अधिकारी व पदाधिकारी मौजूद थे।

# दलालों तथा दबंग कातिबों के बलबुते चलता है अवर निबंधन कार्यालय एकमा

**जहां निबंधन के बाद भी होता है खरीददारों का शोषण व दोहन, कार्यालय में बनी प्रतिकूल स्थिति,प्रशासन का सहारा लेगी पीड़िता**

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)।** एक कहावत है,शोषण या तो अबला व गरीब या फिर शरीफ का होता है,उक्त कहावत एकमा स्थित अवर निबंधन कार्यालय में चरितार्थ होता दीख रहा है।जहां रोजाना लाखों करोड़ों का वारा न्यारा होता है,जहां सरकारी नियमों को ताक पर रख लाखों रूपये राजस्व की खुलेआम चोरी कर सरकार को चुना लगाना तो आम बात है,पर अब यहां निबंधन के बाद भी अबला गरीब व शरीफों का आर्थिक शोषण व दोहन करने का प्रचलन बढ़ने लगा है।यहां एक महिला को जमीन रजिस्ट्रेशन कराने के एक माह बाद भी अतिरिक्त वसुली को लेकर दस्तावेज नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है।नियमों की बात करें तो जमीन निबंधन के बाद रजिस्टर्ड दस्तावेज जमीन के खरीदार को हीं दी जाती है इसके लिए खरीदार द्वारा एक पर्ची पर कातिब को हीं मूल दस्तावेज देने संबंधित बातें लिखकर देने का प्रचलन है जिसका कुछ कातिब दलालों की मिलीभगत से क्रेताओं का शोषण करने में लगे हैं जिससे




कार्यालय में प्रतिकूल परिस्थितियां बनी है।इस संबंध में रसूलपुर चट्टी की एक पीड़ित महिला बन्दना कुमारी ने निबंधन पदाधिकारी एकमा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।दिए गए आवेदन में पीड़िता ने निबंधन कार्यालय के एक कातिब शिवकुमार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे पति विपिनेश कुमार शर्मा की रजिस्ट्री 09 अगस्त 2024 को तथा मेरे नाम से रजिस्ट्री 22 अगस्त 2024 को हुआ था जिसका दस्तावेज मांगने पर रोजाना कोई न कोई बहाना बनाते हैं,उधर पीड़िता ने एग्रीमेंट के नाम पर सोलह हजार रूपये की अतिरिक्त राशि की मांग की भी बातें कही है।इस संबंध में निबंधन पदाधिकारी एकमा पूजा भारती ने कहा है कि कातिब को अविलंब दस्तावेज देने के लिए बोला गया है वहीं पीड़िता का कहना है कि निबंधन पदाधिकारी के आदेश का इन कातिबों पर कोई असर नहीं,आदेश के बावजूद दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है अब प्रशासन व कोर्ट का दरवाजा खटखटाउंगी।

## जागरुकता : कॉलेज परिसर में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छपरा की प्रेरणा और स्वच्छ छपरा- स्वस्थ छपरा अभियान के तहत छपरा में बालिकाओं के बीच माहवारी स्वच्छता के जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गुरूवार को जय प्रकाश महिला महाविद्यालय, छपरा के प्रांगण में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई। कार्यक्रम में विचार रखते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि कोरोना के समय जब हमलोग लोगों के बीच सामाजिक कार्य कर रहे थे तभी यह विषय मेरे ध्यान में आया था कि यह एक ऐसा काम जिसपर न तो समाज में ज्यादा चर्चा होता है और न ही इसपर कोई कुछ कर रहा है। कोरोना के दौरान हमलोगों ने बस्तियों में सेनेटरी पैड हजारों की संख्या में बांटा। कोरोना महामारी की समाप्ति के बाद हमने एक लक्ष्य चुना। इस लक्ष्य के तहत छपरा विधानसभा के स्कूल और कॉलेज को चुना गया है। चूंकि यह शहरी क्षेत्र है तो जिले के अधिकांश कॉलेज यहीं स्थित हैं। एक बार यह लक्ष्य पूरा हो जाए तो उपयोग किए गए पैड को नष्ट करने का मशीन सभी जगह लगाया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा॰ पूनम सिंह ने कहा कि यह मशीन बच्चियों की आवश्यकताओं को समय पर पूरा करेगा। लड़कियां इसे दूकान से खरीदने में झिझकती हैं और यहां यह सुविधा हो जाने से उन्हें सही समय में प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यह मशीन लगने से बालिकाओं की हाइजीन संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो सकेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा॰ मंजू सिन्हा ने कहा कि सेनेटरी नैपकिन का मुद्दा हमेशा से लड़कियों के लिये महत्वपूर्ण रहा है। मैं आशा करती हूं बड़े पैमाने पर बच्चियां इसका प्रयोग करेंगी। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी डा॰ राजेश नायक ने इस अवसर पर कहा कि लड़कियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने में यह प्रयास कारगर रहेगा। छात्राओं को अपने जीवन के पांच दिन छोड़ने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। उन्हें अब सेनेटरी पैड के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रजनीकांत सिंह ने विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की। इस अवसर पर मनोज सिंह, ज्ञान्ति सिंह, नवलेश सिंह, गौतम बंसल, अमन जायसवाल सहित कॉलेज के शिक्षकों सहित कई शिक्षिकाएं मौजूद थीं । ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत छपरा के सभी7 कॉलेज और हाई स्कूल, जिसमें बालिकाएं पढ़ती हैं , उनमें सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी जिनमें पचहत्तर प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

## जिले के मरीजों को पटना के बदले अब छपरा में इलाज संभव : जिलाधिकारी

### *कालाजार उन्मूलन अभियान में जिलाधिकारी का सहयोग साबित हुआ मील का पत्थर: सिविल सर्जन*

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** देश सहित राज्य और जिले से कालाजार जैसी बीमारी के उन्मूलन को लेकर जिला स्तर पर हर संभव प्रयास किया जाता हैं। हालांकि अब इसके लिए छपरा का ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' न केवल कालाजार बीमारी के लिए बेहतर विकल्प होगा बल्कि आसपास के लोगों को इस परियोजना के तहत लैब अपग्रेडेशन से अन्य मरीजों और चिकित्सकों को भी मदद मिलने वाली है। क्योंकि विभागीय स्तर पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए जिला सहित राज्य से कालाजार उन्मूलन के प्रति जिलेवासियों का भरपूर सहयोग कर रहा है। हालांकि जिला सहित बिहार से कालाजार जैसी बीमारी को मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। लेकिन इसके लिए वीएल, पीकेडीएल और एचआईवी वीएल के उन रोगियों के उपचार की पूर्ति करेगा, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**जिले के मरीजों को पटना के बदले अब छपरा में इलाज संभव : जिलाधिकारी:** जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि कालाजार जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए हमलोग अंतिम पड़ाव की ओर अनवरत बढ़ रहे हैं। क्योंकि जिला प्रशासन ने पहला और अंतिम लक्ष्य मान कर कार्य कर रहा हैं। क्योंकि प्रत्येक महीने इस बीमारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर मरीज, उपचार और जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाता हैं। हालांकि पहले तो जिलेवासियों को कालाजार बीमारी से संबंधित बोन मैरो और स्किन असमेयर का जांच और उपचार कराने के लिए पटना स्थित राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट मेडिकल सांइस ( आरएमआरआइ ) जाना पड़ता था लेकिन अब सारण जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में स्थापित ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' की स्थापना की गई है। ताकि यहां के मरीजों का जांच और उपचार स्थानीय स्तर पर किया जा सके।

### कालाजार उन्मूलन अभियान में जिलाधिकारी का सहयोग साबित हुआ मील का पत्थर : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ श्री निवास प्रसाद का कहना है कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम ( एनवीबीडीसीपी ) से सबंधित कालाजार उन्मूलन अभियान में जिले के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों का सहयोग काफी सराहनीय रहा है। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और जीविका समूह से जुड़ी दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया प्रयास कालाजार उन्मूलन अभियान में मील का पत्थर साबित हुआ है। हालांकि अभी भी बेहतर प्रयास करने की जरूरत है। जिले को फाइलेरिया और कालाजार मुक्त करने के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा कराने में जिलाधिकारी के दिशा निर्देश के आलोक में कालाजार नियंत्रण को लेकर छिड़काव और जागरूकता अभियान चलाया जाता हैं। साथ ही सहित स्थानीय स्तर के कई अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों का सहयोग मिलता रहा है। लेकिन इसके बावजूद हम सभी को अपनी तरफ से भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। वहीं कालाजार पीड़ित गांवों का समय समय पर विभागीय स्तर पर निरीक्षण किया जाता है।

### कालाजार नियंत्रण को लेकर हर संभव किया जाता हैं प्रयास : डॉ ओपी लाल

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि जिले में कालाजार नियंत्रण को लेकर हर संभव प्रयास किया जाता हैं ताकि इसको जड़ से मिटाया जा सकें। क्योंकि वर्ष 2021 में विसरल लीशमैनियासिस ( वीएल ) के 112 जबकि पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस ( पीकेडीएल ) के 73 मरीजों की पहचान जिले में हुई थी। लेकिन अब धीरे धीरे इसका असर कम होने लगा है। वहीं 2022 में वीएल के 57 जबकि पीकेडीएल के 51, वर्ष 2023 में वीएल के 42 जबकि पीकेडीएल के 19 रोगी मिले थे। हालांकि वर्ष 2024 में अभी तक वीएल के 25 जबकि पीकेडीएल के मात्र 9 मरीजों का शिनाख्त हुआ है। कालाजार उन्मूलन के लिए जिले में लगातार छिड़काव कराया जाता है ताकि कालाजार उन्मूलन अभियान को शत प्रतिशत सफलता मिल सके। साथ ही मरीजों की संख्या शून्य करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। विभागीय स्तर पर कालाजार बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को 6600 रुपये राज्य सरकार की ओर से और 500 रुपये केंद्र सरकार की ओर से श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाती है। पीकेडीएल और वीएल के इलाजरत मरीजों के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों की जांच, इलाज एवं रहने और भोजन की व्यवस्था पूरी तरह से निःशुल्क होती है।

## जन सुराज द्वारा प्रखण्ड कार्यवाहक समिति कि की गई घोषणा

### *251 समिति सदस्यों को मिली नई जिम्मेवारी*

**दैनिक खोज खबर/ तरैया (सारण)।** राजनीतिकार प्रशान्त किशोर की पार्टी जन सुराज द्वारा गुरुवार को तरैया प्रखण्ड कार्यवाहक समिति की घोषणा जिला संयोजक प्रिय रंजन सिंह यूवराज की उपस्थिति में संगठन महासचिव श्रवण महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला संयोजक प्रिय रंजन सिंह यूवराज ने आगामी 02अटूबर को सभी जन सुराजी साथीयों कों आपनी एकता का परिचय देते हुए भारी संख्या में पटना चलने का आह्वान किया। जिसमें बिहार के एक करोड़ लोग मिलकर जन सुराज पार्टी का निर्माण करेंगे। तरैया प्रखंड से उपस्थिति सबसे ज्यादा होना चाहिए। नए कार्यवाहक समिति में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, संगठन माहासचिव भोला खा, महिला अध्यक्ष संगीता देवी, किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ब्रज किशोर सिंह, यूवा अध्यक्ष विजय पासवान सोशल मीडिया प्रभारी रंजन श्रीवास्तव, कार्यालय सचिव सोनू कूमार सिंह, अभियान




संयोजक दीपेंद्र साह, अभियान के उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्रीभगवान गुप्ता, नन्दकिशोर राय, प्रवक्ता हर्ष नारायण सिंह रमन, भगवान गुप्ता समेत 251 सदस्यीय कमिटि की घोषणा कि गई। इस अवसर पर जिला महीला अध्यक्ष अमिता सहनी, यूवा अध्यक्ष कूमार शिवम, पूर्व अघयक्ष राम पूकार मेहता, अनूमंडल महिला अध्यक्ष पूष्पा सिंह, अनूमंडल संयोजक निलेश सिंह, जन सूराज के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर सिंह, हर्ष नारायण सिंह रमन सिंह, सरपंच राजबलम प्रसाद, सनाउल्लाह, मोहम्मद कादरी, समेत सैकड़ों की संख्या में जनसुराजी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अध्यक्ष अमिता सहनी ने किया जबकि संचालन आनंद मोहन सिंह उर्फ गाड् साहब ने किया।

## दो दिवसीय महावीरी झंडा मेला मशरक में प्रारंभ ,निकला भव्य जुलूस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भव्य जुलूस के साथ मशरक के डुमरसन में दो दिवसीय महावीरी झंडा मेला प्रारंभ हो गया।महावीरी झंडा मेला 12 एवं 13 सितम्बर को आयोजित हो रहा है। दो दिवसीय महाबीरी पूजन सह अखाड़ा मेला में प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था है। सभी स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस की मौजूदगी है। डुमरसन बाजार के महावीर स्थान से गाजे बाजे ढोल के साथ जुलूस में घोड़े भी शामिल हुए। विभिन्न आखाड़ा में खिलाड़ियों द्वारा करतब दिखाया गया वही सभी जुलूस में तिरंगा झंडा शान से लहरा रहा था। गुरुवार को पहले दिन पारम्परिक हथियारों के साथ जुलूस व रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वही 13 सितंबर को जुलूस, दंगल प्रतियोगिता व मेला तथा रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेला के आयोजन को लेकर अखाड़ा समितियों में काफी उत्साह देखने को मिला वही पूरे बाजार में मेले के दौरान दुकानों पर रौनक देखी गई। दो दिवसीय कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर मशरक थानाध्यक्ष धनंजय राय दल बल के साथ खुद हर गतिविधि पर विशेष नजर बनाएं रहें। जुलूस यात्रा में श्री राम भक्तों के द्वारा काफी संख्या में अपने पारंपरिक हथियार, भगवान ध्वज, राष्ट्रध्वज तिरंगा के साथ साथ मर्यादा पुरुषोत्तम राम, लक्ष्मण, माता सीता, बजरंग बली, शंकर भगवान के साथ साथ सभी देवी-देवताओं की झांकी देखने को मिली। मौके पर आयोजन समिति में मुखिया बच्चा लाल साह, संजय साह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन समेत कई अन्य मौजूद रहें।



## विश्व में अध्यात्म शक्ति से है भारत की पहचान- विज्ञानदेव जी महाराज



### *कश्मीर से कन्याकुमारी राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुंची रसूलपुर*

**दैनिक खोज खबर/र सूलपुर (एकमा)।** ईश्वर का महान प्रसाद है मानव जीवन,हमारे भीतर अनन्त की शक्ति है,अनन्त आनन्द का श्रोत है, आत्मा के अंदर अन्तरात्मा रूप से ईश्वर ही विराजमान है। आवश्यकता है आध्यामिक ज्ञान की, स्वर्वेद सद्ज्ञान की, विहंगम योग के ध्यान की, जिसके आलोक में एक साधक का जीवन सर्वोन्मुखी विकास होता है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम मे रसूलपुर के केडी. कान्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये।जीवन मे आध्यात्मिक ज्ञान की अत्यंत अनिवार्यता है,जिसके आलोक में एक साधक का जीवन सर्वोन्मुखी विकास होता है। भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध है जिसने विरासत के रूप में आध्यात्मिकता को मानव कल्याण के लिए सहज रूप में प्रदान किया है। जो धर्म से लेकर मोक्ष की यात्रा कराती है।जो विश्व की आदि संस्कृति, विश्ववारा संस्कृति है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की चतुःसूत्री ही भारतीय संस्कृति का आधार है।महाराज जी ने कहा कि भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है, आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व मे अशांति है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा।उन्होंने कहा कि विश्वगुरु भारत की आध्यात्मिक संस्कृति पूरे विश्व को प्रेम, शांति एवं आनन्द का संदेश देती रही है। हमारी आंतरिक शांति द्वारा ही विश्व-शांति संभव है।उन्होंने कहा कि जीवन जीने में ही जीवन बीत न जाय बल्कि जीवन है क्या इसका अनुभव हो जाय। मैं कौन हूँ ? कहाँ से आया? क्या कर रहा और जाना कहाँ हैं? इसका ज्ञान हो जाय। भारत आध्यात्मिक देश रहा है, अध्यात्म से ही हमारी पहचान संपूर्ण विश्व में है, इसी आध्यात्मिक ज्ञान की धारा को विहंगम योग के प्रणेता अनन्त श्री सदगुरु सदाफल देव जी भगवान ने अपनी आत्मा में धारण किया और संपूर्ण विश्व की मानवता के कल्याण के लिए उसे स्वर्वेद में अभिव्यक्त कर दिया। आध्यात्मिक जीवन ही श्रेष्ठ जीवन है। विहंगम योग विशुद्ध आध्यात्मिक मार्ग है। विहंगम योग से हम संसार के समस्त कर्तव्यों का पालन करते हुए सांसारिक कष्टों से ऊपर उठ जाते हैं। जीवन में स्वास्थ्य, सुख और शान्ति की त्रिवेणी को प्राप्त कर लेते हैं।संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घंटे तक प्रवाहित हुई । स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।इस अवसर पर रामचंद्र तिवारी, सच्चिदानंद सहाय, ब्रह्मा सिँह, संजय सिंह, प्रवचन सच्चिदानंद सहाय, ब्रह्मा सिंह, संजय सिंह, डॉ एस एन यादव,प्राचार्य नवीन कुमार, कमलदेव यादव, उदय शंकर साह,शशिभूषण मिश्रा,उमाशंकर प्रसाद, बैद्य जी ,अलख राम,धीरज गोस्वामी, रजनीश कुमार, भीम यादव प्रदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान घोरहट शिव मंदिर के सामने से चोरी के बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति मांझी थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी रामनाथ यादव का पुत्र जुगुन यादव बताया जाता है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बुधवार की रात गस्ती टीम द्वारा थाना क्षेत्र के घोरहट शिव मंदिर के सामने वाहन जांच किया जा रहा था और बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को देख जुगनू यादव भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस बल के सहयोग से उसे दबोच लिया गया। बाइक के संबंध में जब उससे पूछताछ किया गया तो उसके पास कोई कागजात मौजूद नही था और बताया गया की बाइक चोरी का है। इस संबंध में मांझी थाना कांड संख्या 293/24 दर्ज कर अभियुक्त जुगनू यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गस्ती टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार, एएसआई शिवजी प्रसाद गुप्ता व अन्य कर्मी मौजूद थे।

त

# सिवान : अंधेरे में लकीर पर लाठी पीटने का हो रहा काम, आरोपितों को गिरफ्तार करना भूल गई पुलिस

## एक हत्याकांड आरोपित दो सगी बहनों को भी पुलिस नहीं कर सकी गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/ सिवान।** जिले में पिछले कुछ महीनों में हुए आपराधिक घटनाओं में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी करने में पुलिस पूरी तरह से सफल नहीं रही है। कई कांडों में पुलिस के हाथ अभी खाली हैं। हत्या से लेकर चोरी की कांडों में पुलिस अनुसंधान के मामले में अंधेरे में तीर चला रही है। इसका मुख्य कारण पुलिस का इन घटनाओं में ठोस सुराग हाथ नहीं लगना भी है। हत्याकांड को सुलझाना पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती बनी है। हत्याकांड एक तरह से जिला पुलिस के लिए गले की फांस बन गई है। इस कारण संबंधित घटनाओं में अपनों को खोने वाले स्वजनों में पुलिस के खिलाफ काफी आक्रोश है।

**केस-1 :** नगर थाना क्षेत्र के शांति वट वृक्ष के समीप चार मार्च की रात दो नौकरों ने कनक मंदिर ज्वेलर्स के मालिक सहित पूरे परिवार को खाना में नशीला पदार्थ खिलाकर पचास लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली और फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने व्यवसायी प्रशांत पुष्कर उर्फ मिठू बाबू के आवेदन पर प्राथमिकी की थी, लेकिन घटना के पांच माह 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। अभी तक पुलिस को एक भी आरोपित हाथ नहीं लगा है।

**केस-2 :** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बाबू हाता गांव समीप 27 दिसंबर 2023 की देर रात बदमाशों ने मांझागढ़ थाना के सिपहा खास गांव निवासी शैलेश कुमार शर्मा उर्फ अनीश और इसी गांव की निकहत परवीन की गोली मारकर हत्या कर और दोनों के शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस को सात माह 15 दिन बाद भी दोहरे हत्याकांड मामले में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। हत्या को सुलझाने में पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती बनी है।

**केस 3 :** मुफस्सिल थाना परिसर से शराब मामले में जब्त स्कार्पियों चोरी मामले में एक साल बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस अभी तक स्कार्पियों को बरामद तो दूर उसका सुराग तक नहीं लगा पाई। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस के पास स्कार्पियों के संबंध में कोई जानकारी ही नहीं है। जबकि वर्तमान समय में एसपी द्वारा जिसे एसआइटी का प्रभारी बनाया गया था उसी पदाधिकारी के कार्यकाल में उक्त स्कार्पियों की चोरी हुई थी।

**केस 4 :** बड़हरिया थाना क्षेत्र के ज्ञानी मोड़ के समीप चार सितंबर की संध्या बदमाशों ने एक स्कार्पियों पर अंधाधुंध फायरिंग शहबाज आलम की भागने के क्रम में सड़क पर दौड़ाकर हत्या कर दी। शाहबाज आलम को बदमाशों ने करीब छह से सात गोली मारी थी। शहबाज की हत्या का कारण शहबाज आलम का नयन प्रसाद एवं अख्तर आलम के साथ भूमि विवाद होना बताया गया। हालांकि इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लेकिन अभी इस घटना में शामिल मुख्य आरोपित सहित फायरिंग करने वाला फरार है।

**केस- 5 :** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कुतुब छपरा स्थित ताज एवं बुश चिमनी के समीप नौ सितंबर को गोपालपुर निवासी मोहम्मद तक्की उर्फ लल्लू की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी । यह हत्या पुलिस के अनुसार भूमि को लेकर हुई है। इस मामले में भी 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली थे।

**केस- 6 :** धनौती थाना क्षेत्र के अघैला गांव निवासी परशुराम भगत की हत्या के मामले में उसकी पत्नी गीता देवी और उसकी बहन पर मृतक के पिता उमाशंकर भगत ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी। घटना 18 जुलाई की रात की है। घटना के बाद से ही दोनों बहनें घर छोड़ कर फरार हैं। घटना के बाद से अब तक पुलिस दोनों बहनों को गिरफ्तार नहीं कर सकी।

**केस- 7 :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर गांव में तीन अप्रैल को रामानुज सिंह की बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपित की पहचान पुलिस ने कर ली है लेकिन वह आज भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

## आमद- ए-मुस्तफा कांफ्रेंस में मुल्क की तरक्की की गई दुआ

हसनपुरा (सिवान)। नगर पंचायत हसनपुरा अरंडा खोदाद्दीन नगर स्थित मोहम्मदी मस्जिद के अहाते में आमद- ए-मुस्तफा कांफ्रेस का आयोजन किया गया। इसमें मुल्क के दीगर उलेमा, शायर तशरीफ लाए जहां कौशर रजा सीतामढ़ी ने जहरा के बाबा कलाम से महफिल में शमां बांध दिया। वहीं अमजद रजा नूरानी चतुर्वेदी साहब ने तकरीर में लोगों से प्यारे नबी हुजूर सल्लल्लाहु अलै.स.के बताए हुए रास्ते पर चलने और गरीब मजलूम यतीम जरूरतमंद को मदद करने, बच्चों को दिनी व दुनियाबी दोनों तालीम देने और इंसानियत को मदद करने का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नबी करीम सल्लल्लाहू वसल्लम ने पूरी दुनिया को अमन और शांति का पैगाम दिया है। हमें भी उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। आखिर में दुआ में उन्होंने मुल्क हिंदुस्तान के अमन, शांति और मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। इस मौके पर पूर्णिया से पधारे नकीब खुशदिल साहब अपनी कमाल व शायरी से समा बांध दिया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं ने बताया कि अरंडा की सरजमीं पर ये पहली बार हुआ है। इस कांफ्रेंस करने का मकसद था कि ये बारह रबी अव्वल का चांद चल रहा है। इस चांद में आका कि आमद होती, उसी के मद्देनजर इस कांफ्रेंस को कराया गया था।

## बिना टिकट जंक्शन पर घूमते पांच महिलाओं से 13 सौ का जुर्माना

**सिवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बिना टिकट घूमते पाए जाने पर पांच महिला को आरपीएफ ने पकड़कर जुर्माना किया। मामले आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रेलवे सुरक्षा बल एवं वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग में पांच महिलाओं को बिना अधिकार पत्र के घूमते पाये जाने पर महिला टिकट चेकिंग स्टाफ निशा कुमारी द्वारा आरपीएफ के सहयोग से पकड़ प्रत्येक महिला को 260 के दर से कुल 13 सौ का जुर्माना किया गया।

## जामो बाजार : स्कूल संचालन के दौरान बेखौफ बदमाशों ने की फायरिंग, क्षेत्र में दहशत

**परवेज अख्तर/ सिवान।** गुरुवार को बाइक सवार तीन बेखौफ बदमाशों ने जामो बाजार थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव स्थित विशेश्वर हाई स्कूल सह इंटर कालेज परिसर में दस बजे के करीब घुसकर स्कूल संचालन के दौरान ही हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। इस दौरान स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना के दौरान प्राथमिक विद्यालय की एक रसोइया जहां बेहोश हो गई, वहीं स्कूल के बच्चे दहशत में आ गए। कई बच्चे रोने भी लगे। वहीं विद्यालय के शिक्षकों व स्थानीय लोगों से अपने को घिरता देख बदमाश घटनास्थल से भागने में सफल रहे। स्कूल में फायरिंग की सूचना मिलते ही दहशत में आये बच्चों के परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चों को अपने साथ घर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही थाने के अवर निरीक्षक अभिनंदन यादव घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा भी बरामद किया। महाराजगंज एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने बताया कि बदमाशों की पहचान हो गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी टीम निकल चुकी है।

## कार्य को लेकर दो ट्रेनों का बदला मार्ग

**सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु बैतालपुर-गौरी बाजार खंड पर स्थित पुल संख्या-149 के अनुरक्षण कार्य हेतु यातायात ब्लाक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मार्ग परिवर्तन में दरभंगा से 16 सितंबर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग सिवान-भटनी-देवरिया सदर-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर नहीं रूकेगी। बरौनी से 16 सितंबर को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग सिवान-भटनी-देवरिया सदर-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी भी देवरिया सदर स्टेशन पर नहीं रूकेगी। बताया कि नियंत्रण में 16 सितंबर को 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस मार्ग में 30 मिनट तथा 15027 सम्भलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## सिवान : दो अलग-अलग जगहों से शराब सहित कार और मैजिक जब्त, तीन गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/ सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष कार्रवाई के तहत दो अलग अलग जगहों से शराब सहित एक कार और मैजिक को जब्त की है। जबकि तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए। मामले में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दो जगहों पर कार्रवाई की गई है। पहली कार्रवाई मैरवा थाना क्षेत्र के सेवतापुर में हुई। जहां एक कार सहित 51 लीटर शराब बरामद हुई। यहां एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के नीरज सिंह उर्फ डीएम सिंह है। दूसरी छापेमारी नौतन थाना क्षेत्र के मठिया गांव में हुई। जहां एएसआई श्वेता कुमारी टीम के साथ मौजूद थी। यहां 135 लीटर देसी शराब के साथ मैजिक जब्त की गई और दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार यूपी के भाटपार रानी निवासी धीरज यादव व गोपालगंज के मखुन अली है। एएसआई ने बताया कि मैजिक वाहन के सीट में छुपाकर शराब रखी हुई थी।

## 364 लीटर शराब सहित दो आटो जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

उत्पाद विभाग की टीम ने मैरवा थाना क्षेत्र के सियाही पुल के समीप से वाहन जांच कर दो आटो से भारी मात्रा में शराब को बरामद किया और दोनों आटो को जब्त कर तीन तस्कर को गिरफ्तार किया। जिन्हें गुरुवार को आगे की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। इस मामले में उत्पाद इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि मैरवा थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर छापेमारी की गई। इसी दौरान सियाही पुल के समीप एक आटो को रोककर जांच की जा रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार में दूसरा आटो भागने का प्रयास किया लेकिन उसे भी पकड़ लिया गया। दोनों आटो से 364 लीटर शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर में सारण जिला के पहलेजा थाना क्षेत्र के कसमर निवासी राम ईश्वर राय का पुत्र गब्बर राय, वशिष्ठ राय का पुत्र मदन कुमार व शिवनाथ शर्मा का पुत्र राजू शर्मा शामिल है। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि इसके पहले भी इसी रास्ते से शराब लेकर गए है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




## मझवलिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पोषण मेला का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।** जिले के सभी विद्यालयों में पोषण महाअभियान चलाया जा रहा है । 30 सितंबर तक अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर जानकारी दी जा रही है । बुधवार को पंचदेवरी प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मजझवलिया में पोषण मेला का आयोजन किया गया । इस दौरान डीडीओ वीरेंद्र सिंह ने छात्राओं को एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि एवं पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र में सामूहिक जागरूकता सहित पोषण संबंधित कई जानकारी दी । मौके पर डीडीओ वीरेंद्र सिंह, शिक्षक आलोक कुमार राय, तारकेश्वर मिश्र, शैलेंद्र द्विवेदी, जयपाल टुडू , आलोक शर्मा आदि थे ।

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार के बीच चलेगी विशेष गाड़ी

**सिवान:एल।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05734/05733 कटिहार-अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन का विस्तार कटिहार से 19 सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार तथा अमृतसर से 21 सितंबर से 30 नवंबर प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिए बढ़ाया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05734 कटिहार-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 19 सितंबर से 28 नवंबर तक कटिहार से 11.40 बजे प्रस्थान कर नौगछिया, थाना बीहपुर, मानसी, खगड़िया , बेगसूराय, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान से 2055 बजे, देवरिया सदर, गोरखपुर दूसरे दिन बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, अलीगढ़, खुर्जा, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, अंबाला कैंट, लुधियाना, जलंधर सिटी तथा व्यास छूटकर तीसरे दिन अमृतसर 00.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05733 अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 सितंबर से 30 नवंबर तक अमृतसर से 0425 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन सिवान से 06.05 बजे छूटकर अन्य स्टेशन होते हुए कटिहार 15.00 बजे पहुंचेगी।

## अशरफ बिहार प्रदेश जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर खुशी

**सिवान।** हुसैनगंज प्रखंड के तेतरिया निवासी अशरफ अंसारी को बिहार प्रदेश जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अशरफ अंसारी को भी बधाई दी है। जैसे ही अशरफ अंसारी के जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनने की सूचना मिली कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महासचिव अब्दुल करीम रिजवी ने कहा कि गरीबों का मसीहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अशरफ अंसारी को अध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर पार्टी के हित में बहुत बड़ा कदम उठाया है। इससे पार्टी की मजबूती के लिए और पूरे बिहार में नौजवानों और बुर्जुगों में पकड़ यह पार्टी के लिए संकेत दे रहा है कि आने वाला चुनाव में अशरफ अंसारी पार्टी को आगे बढ़ा कर और अल्पसंख्यक को पार्टी से जोड़कर भूमिका अदा करेंगे। पूरे जिला के जदयू कार्यकर्ता एकजुट होकर मुख्यमंत्री के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, जदयू के राष्ट्रीय नेताओं को मुबारकबाद दिया है। बधाई देने वालों में जदयू के वरिष्ठ नेता प्रदेश उपाध्यक्ष जफर अहमद गनी, अमीरुल्लाह सैफी, इमरान अंसारी, मो. अली अंसारी, मसूर आलम, औरंगजेब माली, शिबू शम्स, हामिद खान इत्यादि लोग शामिल थे।

## स्वर्ण व्यवसायी से लूट मामले में अबतक नहीं हुई गिरफ्तारी

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के आंदर- सिवान मुख्य मार्ग पर सरेयां एवं हथौड़ा के बीच 26 अगस्त की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखा कर स्वर्ण व्यवसायी से 10 हजार रुपये सहित कुछ पुराने आभूषण लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस संदर्भ में पीड़ित दुकानदार आंदर के गड़ार निवासी अजय कुमार सोनी ने थाना में आवेदन तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। इस मामले में अभी तक पुलिस किसी भी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हुई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में संलिप्त तीनों बदमाशों को चिह्नित कर लिया गया है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्दी ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## केला लदा पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कोड़ारी खुर्द गांव के समीप केला से लदा पिकअप पलट गया, हालांकि इस दुर्घटना में पिकअप चालक बाल-बाल बच गया।बताया जाता है कि केला लदा पिकअप सिवान से छपरा की ओर जा रहा था। इस दौरान कोड़ारी खुर्द गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस क्रम में चालक को हल्की चोटें आई है। घटना के बाद कुछ देकर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। घटनास्थल के दोनों तरफ जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाया। इसके बाद आवागमन सामान्य हुआ।

## कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर में एक कृषि समन्वयक को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। मामला समस्तीपुर जिले के रोसरा अनुमंडल के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के मऊ उत्तर पंचायत में हुआ है। दरअसल किसानों का डीजल अनुदान का आवेदन रद्द हो गया है इसलिए आक्रोशित ग्रामीण लोगों ने कृषि समन्वयक विजय शंकर कुमार को बंधक बना लिया। कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बांस के बिट में गमछे से बांध कर रखा था।

**कृषि समन्वयक बने बंदी :** आक्रोशित किसान वरीय अधिकारी को स्थिति सुलझाने के लिए बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। किसानों ने बताया कि कृषि समन्वयक ने उन्हें जीरो टैग दिया है। उन्होंने कहा कि रद्दीकरण का कारण भी नहीं दिया गया है, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर जब कृषि पदाधिकारी और अनुमंडल कृषि पधाधिकारी के द्वारा किसानों से फोन पर बात की गई। पदाधिकारियों ने आक्रोशित किसानों को भरोसा दिलवाया कि उनके सभी रिजेक्ट आवेदनों कि जांच होगी। उसके बाद उन्हें डीजल दिया जाएगा। जिसके बाद बंधक बनाए गए कृषि समन्वयक विजय शंकर को किसानों ने मुक्त कर दिया। किसानों ने अधिकारियों से बातचीत में यह भी बताया कि कृषि समन्वयक ने उनसे पैसों कि भी डिमांड की थी।

